आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 24.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत अपने पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए पूरी तरह तैयार हैं उन्होंने कहा कि यह महज तकनीकी उपलब्धि नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक नया अध्याय हैं श्री सिंह ने यह बात नई दिल्ली में गगन यात्रियों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में कहीं इन यात्रियों में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, प्रशांत बालकृष्णन नायर, अजीत कृष्णन और अंगद प्रताप शामिल हैं रक्षा मंत्री ने कहा कि देश के लिए अंतरिक्ष केवल अनुसंधान का विषय नहीं है, बल्कि यह अर्थव्यवस्था, सुरक्षा, ऊर्जा और मानवता के भविष्य से भी जुड़ा हुआ हैं

.................................................................

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन–डीआरडीओ ने एकीकृत हवाई रक्षा शस्त्र प्रणाली का कल ओडिशा तट के पास पहला सफल परीक्षण कियां इस बहु–स्तरीय स्वदेशी प्रणाली में ज़मीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल और कम दूरी की उन्नत हवाई रक्षा प्रणाली वाली मिसाइल शामिल हैं परीक्षण उड़ान के दौरान इस प्रणाली से अलग–अलग दूरी पर स्थित तीन लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट किया गयां इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ वैज्ञानिकों के अलावा सशस्त्र बलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परीक्षण उड़ान की सफलता पर डीआरडीओ के वैज्ञानिकों, सशस्त्र बलों और रक्षा उद्योग को बधाई दी हैं उन्होंने कहा कि इस अनूठी प्रणाली की सफलता से देश की बहु–स्तरीय हवाई सुरक्षा क्षमता स्थापित हुई है और इससे देश के रक्षा प्रतिष्ठानों की सुरक्षा मज़बूत होगीं

.................................................................

केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी आज प्रदेश के दौरे पर हैं वे सुबह जोधपुर पंहुचे, वहां भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य राजेन्द्र गहलोत ने उनकी अगुवाई कीं इस मौके पर कौशल रोजगार और उद्यमिता राज्य मंत्री के के विश्नोई मौजूद रहें श्री पुरी पचपदरा रिफाइनरी का निरीक्षण और प्रगति कार्यो की समीक्षा करेंगें इस मौके पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी मौजूद रहेंगें

.................................................................

प्रदेश में भारी बारिश का दौर लगातार बना हुआ हैं बीते 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश दर्ज की गईं पश्चिमी हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम और कहीं–कहीं भारी बारिश रिकॉर्ड हुईं सबसे ज्यादा 29 सेंटीमीटर बरसात दौसा में दर्ज की गईं सपोटरा और चौमू में 17–17, कोटपूतली, गंगापुरसिटी और जमवारामगढ़ में 13–13, अलवर में 12, मालपुरा, सांगानेर, सवाईमाधोपुर, प्रतापगढ, सावर और बोली में 11–11, सांभर, चौथ का बरवाडा, पावटा, नादोती, नारायणा, चाकसू और सिकराय में 10–10 सेंटीमीटर बरसात रिकॉर्ड हुईं इस बीच अधिकांश इलाकों में बरसात का सिलसिला जारी हैं आज हनुमानगढ, जयपुर चूरू और झुंझुनूं में बारिश से जलभराव की स्थिति बन कई हैं हालांकि कोटा में आज मौसम खुला होने से लोगों ने राहत महसूस की हैं मौसम विभाग के अनुसार आज जयपुर, भरतपुर संभाग, शेखावाटी क्षेत्र के अलावा बीकानेर और अजमेर संभाग के कुछ हिस्सों में भारी से अतिभारी बारिश होने की प्रबल संभावना हैं आगामी तीन से चार दिन तक राज्य में कहीं–कहीं भारी और अतिभारी बारिश का दौर जारी रह सकता हैं विभाग ने सीकर, नागौर, चूरू, बीकानेर और आस–पास के जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया हैं

.................................................................

जैसलमेर में लोकदेवता बाबा रामदेव का वार्षिक भादवा मेला कल से शुरू हो रहा हैं भादवा शुक्ला द्वितीया बाबा रामदेव जी के अवतरण की तिथि हैं बाबा रामदेव के दर्शनों के लिए प्रदेश के अलावा आस–पास के राज्यों से भी श्रद्धालु पंहुच रहे हैं वहीं सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर दुर्ग में भरने वाला वार्षिक त्रिनेत्र गणेश मेला मंगलवार से शुरू होगां इसके लिए पदयात्रियों के जत्थे आना शुरू हो गए हैं मेले के दौरान की गई श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का आज जिला कलेक्टर कानाराम ने जायजा लियां जिला कलेक्टर ने बताया कि कुछ दिनों से हो रही बारिश के चलते मिश्र दर्रा गेट के पास का मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों की आवाजाही बंद कर दी गई हैं

पदयात्रियों को फिलहाल गणेश धाम पर रोका गया है और संबंधित विभागों को क्षतिग्रस्त मार्गो को दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए हैं

.............................................................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर फिट इंडिया अभियान के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं सवाईमाधोपुर में संडे ऑन साईकिल अभियान का आयोजन किया गयां रिजर्व पुलिस लाईन से आयोजित साईकिल रैली में जिला कलेक्टर कानाराम सहित पुलिस अधीक्षक और अन्य पुलिसकर्मियों ने भाग लियां अन्य चौकियों में भी पुलिसकर्मियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर फिट इंडिया का संदेश दियां

.............................................................